# ढिंढोरा श्याम नाम का | by Sonu Lakha

ढिंढोरा पिटवा दूंगा छपवा दूंगा अखबार में
मैं ढिंढोरा पिटवा दूंगा छपवा दूंगा अखबार में
सांवरिया सा सेठ कोई दूजा ना संसार में
मेरे सांवरिया सा सेठ कोई दूजा ना संसार में

जो भी खाटू आता है दीवाना सा हो जाता है
झोली छोटी पड़ जाती ये इतना माल लुटाता है
हर दम पार लगाईं नैया छोड़े ना मझधार में
सांवरिया सा सेठ कोई दूजा ना संसार में
मेरे सांवरिया सा सेठ कोई दूजा ना संसार में

अपने दिल की बातें जो मेरे श्याम प्रभु से करता है
सेठ सांवरा खाटूवाला उसका दामन भरता है
हर वादा पूरा होता मेरे श्याम की सरकार में
सांवरिया सा सेठ कोई दूजा ना संसार में
मेरे सांवरिया सा सेठ कोई दूजा ना संसार में

जो चाकर सांवरिया का उसके ठाठ निराले हैं
सारी चिंता दूर करे ऐसे खाटूवाले हैं
ढोल बजाके सोनू लक्खा जाएगा दरबार में
सांवरिया सा सेठ कोई दूजा ना संसार में
मेरे सांवरिया सा सेठ कोई दूजा ना संसार में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a2%e0%a4%bf%e0%a4%82%e0%a4%a2%e0%a5%8b%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-sonu-lakha/